# एलपीजी सिलेंडरों की कालाबाजारी को रोकने के लिए एसडीएम ने किया सिलेंडर गोदामों का निरीक्षण



**नईदुनिया प्रतिनिधि, सीहोर :** वर्तमान भू-राजनीतिक स्थिति के कारण, आयात में हुई रूकावट की देखते हुये पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय द्वारा सभी सार्वजनिक क्षेत्र की तेल विपणन कंपनियों की यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिए गए है कि एलपीजी की आपूर्ति और विपणन केवल घरेलू एलपीजी उपभोक्ताओं को की जाए।

इसी क्रम में गैस सिलेंडरों की कालाबाजारी को रोकने के उद्देश्य से आष्टा एसडीएम नितिन टाले, आष्टा थाना प्रभारी तथा कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी द्वारा एलपीजी वितरकों के साथ बैठक आयोजित की गई और कमर्शियल एवं घरेलू सिलेंडरों के स्टॉक की उपलब्धता की समीक्षा की गई। इस दौरान उन्होंने निर्देश दिए कि वितरक स्तर पर एलपीजी सिलेंडर की कोई जमाखोरी और कालाबाजारी की स्थिति पाए जाने पर सख्त कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने आष्टा के अनेक गैस एजेंसियों के गोदामों का भी निरीक्षण किया। उल्लेखनीय है कि ऑयल कंपनी द्वारा अवगत कराया है कि वर्तमान में चिकित्सालय एवं शैक्षणिक संस्थाओं के अतिरिक्त किसी और वाणिज्यिक उपभोक्ताओं जैसे होटल, मॉल, बल्क एलपीजी का उपयोग करने वाले औद्योगिक क्षेत्र, फैक्ट्री आदि को कमर्शियल एलपीजी की सप्लाई नहीं की जाएगी।

इस स्थिति को देखते हुए चिकित्सालय एवं शैक्षणिक संस्थाओं का आकलन भी किया जा रहा है जिससे कि सुचारू रूप से गैस की आपूर्ति की जा सके। इसके अतिरिक्त अन्य आवश्यक सेवाएं जैसे पुलिस, सीआरपीएफ, डिफेंस इस्टेबिलिशमेंट जेल इत्यादि में निर्वाध रूप से कमर्शियल गैस सिलेंडर की उपलब्धता सुनिश्चित कराने हेतु इन संस्थाओं का भी आकलन कराया किया जा रहा है। यह जानकारी मात्र आंकलन सुनिश्चित करने के लिए संकलित कराई जा रही है ताकि इसके माध्यम से आने वाले समय में आपूर्ति की सुनिश्चितता करने हेतु आवश्यक कदम उठाये जा सके।

## मानवाधिकार आयोग की तोप को लेकर चेतावनी

**नईदुनिया प्रतिनिधि, रायसेन:** रायसेन किले से रमजान के दौरान दागी जाने वाली तोप को लेकर मानवाधिकार आयोग ने चेतावनी जारी की है। गुरुवार को आयोग के सदस्य प्रियंक कानूनगो ने किले का निरीक्षण किया और कहा कि यदि शाम के बाद तोप चली, तो कलेक्टर के खिलाफ कार्रवाई के लिए सरकार को नोटिस दिया जाएगा। निरीक्षण के दौरान पुरातत्व विभाग के अधिकारी तोप चलाने की अनुमति प्रस्तुत नहीं कर सके। कानूनगो ने कहा कि यह क्षेत्र वन विभाग के सौ मीटर दायरे में आता है और इसे टाइगर क्षेत्र माना जाता है, इसलिए वन और पुरातत्व दोनों विभागों की अनुमति अनिवार्य है। कलेक्टर द्वारा दी गई अनुमति को कानूनगो ने विधिसंगत नहीं माना। उन्होंने स्पष्ट किया कि 70 एमएम या उससे बड़े तोप के बैरल के लाइसेंस के लिए गृह मंत्रालय और पेट्रोलियम एवं विस्फोटक सुरक्षा संगठन से अनुमति लेना आवश्यक है। कानूनगो ने बारूद और सुरक्षा व्यवस्था की पूरी जानकारी देने को कहा। इसके अलावा पुलिस की मौजूदगी भी जरूरी है।

## खास-खबरें

### आज कलश यात्रा के साथ संगीतमय श्रीमद भागवत कथा प्रारंभ

**बरेली।** बरेली नगर के प्रसिद्ध श्री हनुमान मंदिर दालमिल में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी संगीतमय श्रीमद भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। आयोजन को लेकर आदर्श शिव महिला मंडल एवं वार्डवासियों के द्वारा व्यापक तैयारियां पूर्ण हो चुकी हैं। क्षेत्र के जाने माने ज्योतिषाचार्य प्रसिद्ध कथा वाचक पं. सुरेन्द्र जी शास्त्री भोपाल के द्वारा कथा का रसपान कराया जाएगद्य कथा से पूर्व विशाल शोभायात्रा 12:30 गाजे बाजे के साथ मानस सत्संग भवन से शुरू होकर कथा स्थल तक पहुंचेगी। शुक्रवार 13 मार्च से शुरू होकर 19 मार्च तक सात दिवसीय चलने वाली कथा प्रतिदिन दोपहर 2 बजे से 5 बजे तक सुनाई जायेगी। ज्ञात हो कि हरिओम नगर वार्डवासियों के जन सहयोग से निरंतर 5 वर्षों से मंदिर परिसर के पास कथा का आयोजन किया जा रहा है।

### सशक्त वाहनी की कक्षा में यूपीएससी चयनित प्राची चौहान ने बालिकाओं का किया मार्गदर्शन



**विदिशा ( निप्र )।** बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना अंतर्गत संचालित सशक्त वाहनी अभियान अंतर्गत आयोजित कक्षा में जिले के ग्राम जोहद की यूपीएससी में चयनित प्राची चौहान ने बालिकाओं को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के संबंध में मार्गदर्शन दिया। कार्यक्रम के प्रारंभ में महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से श्रीमति कृतिका व्यास एवं संतोष रघुवंशी द्वारा पुष्पगुच्छ भेंट कर प्राची चौहान का स्वागत किया गया। कार्यक्रम में प्राची चौहान ने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि किसी भी प्रतियोगी परीक्षा में सफ्लता प्राप्त करने के लिए निरंतर अध्ययन, समय प्रबंधन, अनुशासन एवं आत्मविश्वास बहुत आवश्यक है। उन्होंने बालिकाओं को बताया कि लक्ष्य निर्धारित कर नियमित पढ़ाई करने से सफ्लता अवश्य प्राप्त होती है। साथ ही उन्होंने बालिकाओं को कठिन परिस्थितियों में भी हार न मानने और अपने सपनों को पूरा करने के लिए लगातार प्रयास करते रहने की प्रेरणा दी। सशक्त वाहिनी की इन कक्षाओं का संचालन जिला कार्यक्रम अधिकारी श्रीमति विनीता कांस्बा के मार्गदर्शन में किया जा रहा है।

### मानसिक तनाव व स्वास्थ्य के प्रति जागरूक कराने हुआ कार्यक्रम



**सीहोर।** शासकीय कन्या महाविद्यालय, सीहोर में छात्राओं के मानसिक तनाव को दूर करने तथा मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से रोल प्ले कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए विभिन्न परिस्थितियों पर आधारित रोल प्ले प्रस्तुत किए, जिनके माध्यम से मानसिक तनाव, आपसी संवाद और समस्याओं के समाधान के तरीकों को दर्शाया गया कार्यक्रम में एनटीएफ की नोडल अधिकारी डॉ. कालिका डोलस, डॉ. पूजा कश्यप, कु. नूरजहां हाशमी तथा डॉ. मंगला रायबोले उपस्थित रहीं। उन्होंने छात्राओं को मानसिक स्वास्थ्य के महत्व के बारे में जानकारी दी तथा तनाव से मुक्त रहने के लिए सकारात्मक सोच, संवाद और सहयोग की भावना को अपनाने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम में छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और इसे सफल बनाने में सहयोग प्रदान किया। इस प्रकार के कार्यक्रम छात्राओं के मानसिक स्वास्थ्य को सुदृढ़ बनाने में सहायक सिद्ध होते हैं।

### विधायक राय ने मृतकों और घायलों के परिजनों दी आर्थिक मदद



**सीहोर।** संवेदनशील विधायक सुदेश राय गुरुवार को अचानक लुनिया मोहल्ला स्थित दुर्घटना में हुई बच्चों की मृत्यु और घायल परिजनों की स्थिति से दुखी शोक पीड़ित चौहान परिवार में पहुंच गए। विधायक सुदेश राय ने घटना को लेकर गहरा दुख प्रकट करते हुए 16 वर्षीय मृतक अमित चौहान और 12 वर्षीय मृतक विवेक चौहान के चित्र के समक्ष उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की। विधायक सुदेश राय ने शोक में डूबे विवेक और अमित के परिजनों को 25 हजार 25 हजार और घायल हुए धीरज चौहान एवं विक्रम चौहान को दस दस हजार रुपए की आर्थिक मदद दी और परिजनों से चर्चा कर शासकीय योजना अंतर्गत आर्थिक मदद उपलब्ध कराने का भी आश्वासन दिया। परिजनों के मध्य विधायक सुदेश राय ने कहा कि पुलिस ने सख्त धाराएं लगाकर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है और बोलोरो गाड़ी को भी जप्त किया है आरोपी को कड़ी से कड़ी सजा दिलाएंगे और हमेशा परिवार की मदद करने के लिए तत्पर रहेंगे। उल्लेखनीय की थाना कोतवाली क्षेत्र के मोती बाबा मंदिर के पास 7 मार्च की रात 11 बजे के दरमियान सड़क दुर्घटना घटित हुई थी दुर्घटना में मोटर साइकिल सवार चार युवकों को बुलेरो पिकअप के चालक सुनील पिता रंजीत सिह ठाकुर, निवासी हनुमान फाटक कस्बा सीहोर द्वारा टक्कर मार दी गई थी जिससे लूनिया मोहल्ला निवासी अमित चौहान, पिता मुकेश चौहान, उम्र 16 साल -विवेक चौहान, पिता सतीश चौहान, उम्र 12 साल, धीरज चौहान, पिता मुकेश चौहान, उम्र 18 साल, विक्रम चौहान, पिता नरेन्द्र चौहान, उम्र 18 साल गंभीर रूप से घायल हो गए थे। जिला अस्पताल सीहोर के चिकित्सकों द्वारा घायल अमित चौहान को परीक्षण उपरांत मृत घोषित कर दिया था वहीं घायल विवेक की हालत गंभीर होने के कारण उपचार के लिए भोपाल हमीदिया अस्पताल रेफर किया गया था उपचार के दौरान विवेक चौहान की भी मृत्यु हो गई थी। पुलिस ने बोलरो चालक को जेल भेज दिया है और वहां को जप्त किया है। सीएमएचओ डॉ सुधीर डेहरिया ने बताया कि सर्वाइकल कैंसर भारत में महिलाओं में होने वाला दूसरा सबसे जानलेवा कैंसर है। इस गंभीर बीमारी की रोकथाम के उद्देश्य से भारत सरकार द्वारा यह राष्ट्रव्यापी एचपीवी (ह्यूमन पैपिलोमा वायरस) टीकाकरण अभियान प्रारंभ किया गया है।

## विश्व महिला दिवस के उपलक्ष्य में पुलिस, शिक्षा और सामाजिक क्षेत्र की प्रतिभाओं का सम्मान समारोह संपन्न




**नईदुनिया प्रतिनिधि, विदिशाः** विश्व महिला दिवस के उपलक्ष्य में महिला सशक्तिकरण एवं महिला सम्मान समारोह संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं सरस्वती वंदना के साथ हुआ। कार्यक्रम में श्रीमती रेखा दुबे ने कविता प्रस्तुति दी। इस अवसर पर यूपीएससी-2025 परीक्षा में 260वीं रैंक प्राप्त करने वाली सुश्री प्राची चौहान का विशेष रूप से सम्मान किया गया।

जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती गीता कैलाश रघुवंशी, विधायक मुकेश टंडन, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती प्रीति राकेश शर्मा ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महिलाओं के अधिकार, शिक्षा और सुरक्षा पर विशेष बल दिया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी ने कहा कि महिलाओं का हर क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान रहा है और आज बेटियां शिक्षा, प्रशासन, विज्ञान, खेल और सामाजिक क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रही हैं।

प्रत्येक बालिका को 5000 रुपये, स्मृति चिन्ह और प्रमाण पत्र प्रदान किया गया, कुल राशि 1,90,000 रु. रही। पर्यटन स्थलों पर महिला सुरक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं सहित पुलिस विभाग में उल्लेखनीय कार्य करने वाली महिला अधिकारियों और कर्मचारियों का भी सम्मान किया गया। इनमें एसडीओपी बासौदा श्रीमती शिखा भलावी, एसडीओपी कुरवाई सुश्री रोशनी सिंह, करारिया थाना प्रभारी, महिला थाना प्रभारी, महिला शाखा प्रभारी, सूबेदार सहित वन स्टॉप सेंटर महिला विकास प्रभारी को भी सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. प्रशांत चौबे, एसडीओपी लटेरी अमरेश बोहरे, एसडीओपी कुरवाई सुश्री रोशनी सिंह, एसडीओपी बासौदा श्रीमती शिखा भलावी, महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से श्रीमती कृतिका व्यास एवं संतोष रघुवंशी अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी - कर्मचारी, गणमान्य नागरिक और विभिन्न विभागों की महिलाएं भी उपस्थित रहीं।

## महिलाओं का सम्बल है जन शिक्षण संस्थान

**रायसेन।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर जनशिक्षण संस्थान रायसेन के द्वारा अद्भुत पहल एवं अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत करते हुए जन शिक्षण संस्थान रायसेन की वर्ष 2025-26 के अनुदेशक के मुख्य आथित्य में एवं सम्मानीय प्रबंध मंडल सदस्यों की अध्यक्षता में महिला दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अनेकों महिला अनुदेशकों प्रशिक्षणार्थी की बस एक आवाज थी कि हमारी आत्मनिर्भरता हमारा विकास हमारी पहचान जन शिक्षण संस्थान के प्रयास त्याग और समर्पण हैं हम महिलाओं में आत्म विश्वास का जो संचार पैदा हुआ बो जनशिक्षण संस्थान की देन हैं उसके लिए हम सभी जनशिक्षण संस्थान की सम्मानीय अध्यक्ष सम्मानीय प्रबंध मंडल सदस्य संस्थान के अधिकारियों कर्मचारियों के हमेशा आभारी रहेंगे। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर जनशिक्षण संस्था के द्वारा कार्यक्रम के दूसरे चरण में संस्थान प्रबंध मंडल की सम्मानीय सदस्यगण श्रीमति शिवाली तोमर प्राचार्य शासकीय आई.टी.आई.रायसेन सुश्री दीपशिखा वर्मा प्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र रायसेन श्रीमति निशा मालवीय के मुख्य आथित्य में सम्पन्न हुआ।

## मंत्री विश्वास सारंग सामूहिक विवाह समारोह में हुए सम्मिलित



**नईदुनिया प्रतिनिधि, विदिशाः** सहकारिता, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास कैलाश सारंग यहां आयोजित सामूहिक विवाह समारोह में सम्मिलित हुए। इस अवसर पर उन्होंने सभी नवदंपत्तियों को आशीर्वाद देते हुए उनके सुखमय, समृद्ध एवं मंगलमय दाम्पत्य जीवन की कामना की।

उन्होंने कहा कि सामूहिक विवाह जैसे आयोजन समाज में सहयोग, समरसता और संस्कारों की भावना को मजबूत करते हैं। ऐसे आयोजन ना केवल सामाजिक एकता को बढ़ावा देते हैं, बल्कि जरूरतमंद परिवारों को भी सहयोग प्रदान करते हैं और समाज में सकारात्मक संदेश देते हैं। उल्लेखनीय है कि यह सामूहिक विवाह समारोह भाजपा के वरिष्ठ नेता मनोज कटारे द्वारा आयोजित किया गया, जिसमें उनके सुपुत्र चि. आयुष कटारे सहित 20 अन्य बेटियों के विवाह भी संपन्न कराए गए।

## भारत की पहली महिला शिक्षिका की पुण्य तिथि मनाई

**गंजबासौदा ।** शहर वाचनालय पाठक संघ के तत्वाधान में सावित्रीबाई फुले की पुण्य तिथि एवं केंद्रीय मंत्री स्वर्गीय माधवराव सिंधिया की जयंती मनाई गई भाजपा नगर अध्यक्ष सुरेंद्र शर्मा एवं समाजसेवी सुनील बाबू पिंगले ने अपने विचार व्यक्त किए इस अवसर पर बड़ी तादाद में पाठक गण उपस्थित थे।

## भगवान आदिनाथ का जन्म कल्याण महोत्सव मनाया



**नईदुनिया प्रतिनिधि, सीहोरः** जैन धर्म के प्रथम तीर्थांकर भगवान आदिनाथ का जन्म कल्याण महोत्सव गुरुवार को मनाया गया। इस मौके पर जैन मंदिर में विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान आयोजित किए गए।

दो दिवसीय महोत्सव के तहत जैन समाज ने शहर में जुलूस निकाला। जिसमें जैन समाज के बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। सुबह मंदिर में विधिं-वधान से भगवान आदिनाथ का 108 कलशों से अिभषेक किया गया। शांति धारा औरं विशेष पूजन किया गया। इसके बाद मंदिर परिसर से कलश यात्रा निकाली गई।ि जसमें महिलाएं पारंपरिक वेश-भूषा में सिर पर कलश धारण कर चल रहीं थीं। कलश यात्रा के बाद बैंडबाजों और धार्मिक ध्वजों के साथ शोभायात्रा निकाली गई। यह शोभायात्रा शहर के विभिन्न मार्गों से होते हुई वापस इंग्लिशपुरा जैन मंदिर पहुंची। यात्रा का जगह-जगह लोगों ने स्वागत किया। धार्मिक आयोजन में पुरुषों, महिलाओं व बच्चों ने उत्साह पूर्वक भाग लिया।

## सीएम हेल्पलाइन जन शिकायत शिविर आयोजित

**नईदुनिया प्रतिनिधि, विदिशाः** विदिशा जिले में गुरुवार को जिला स्तरीय सीएम हेल्पलाइन जन शिकायत निवारण शिविर आयोजित किया गया। पुलिस लाइन स्थित पुलिस ऑडिटोरियम में हुए इस शिविर में कुल 75 शिकायतें सुनी गईं, जिनमें से 65 का मौके पर ही निराकरण कर दिया गया। शिविर का उद्देश्य आम नागरिकों की शिकायतों का त्वरित और पारदर्शी समाधान करना था। पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी ने स्वयं फरियादियों की समस्याएं सुनीं और आवेदकों से संवाद कर अधिकारियों को निष्पक्ष, पारदर्शी और वैधानिक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस दौरान फरवरी माह की ग्रेडिंग और पचास दिन से अधिक समय से लंबित शिकायतों की विशेष समीक्षा भी की गई। शेष 10 मामलों के शीघ्र और गुणवत्तापूर्ण निराकरण के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए।

## निर्माता रामपाल सिंह पठरिया की फिल्म त्वमेव सर्वम को देशभर में 35 पुरस्कार हुए प्राप्त




**नईदुनिया प्रतिनिधि, रायसेन :** रामपाल सिंह पठरिया की फिल्म त्वमेव सर्वम को देश भर में 35 पुरस्कार प्राप्त होना अपने आप में एक सफल निर्माता की पहचान बने रामपाल सिंह पठरिया की फिल्म त्वेमव सर्वम को 33 पुरस्कार एवं देवगिरी फिल्म फेस्टिवल बेस्ट स्क्रीन फिल्म अवार्ड जलगांव महाराष्ट्र में 28 फरवरी एवं एक मार्च को आयोजित कार्यक्रम में प्राप्त हुए 5 वे देवगिरी अंतर्राष्ट्रीय शॉट फिल्म फेस्टिवल में निर्माता रामपाल सिंह पठरिया की शॉर्ट फिल्म त्वमेव सर्वम को सर्वोत्कृष्ट पटकथा के प्रतिस्थित पुरस्कार से डॉक्टर जीवन एस रजक को सम्मानित किया गया।

फिल्म का निर्देश मनोज तिवारी के द्वारा किया गया। फिल्म की आधिकारिक स्क्रीनिंग 28 फरवरी 2026 को की गई जबकि पुरस्कार 1 मार्च 2026 को आयोजित सम्मान समारोह में प्रदान किया गया। त्वमेव सर्वम अवतक देश के अनेक राज्यों में आयोजित विभिन्न फिल्म फेस्टिवलो मे चयनित हो चुकी है और फिल्म को 35 पुरस्कार प्राप्त हो चुके है। जिनमें वेस्ट फिल्म बेस्ट स्टोरी बेस्ट एक्टर बेस्ट एडीटर बेस्ट स्क्रीन प्ले सहित कई प्रमुख श्रेणिया शामिल हैं यह उपलब्धि निर्माता रामपाल सिंह पठरिया के लिए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित हुआ और यह फिल्म भारतीय स्वतंत्र सिनेमा की सशक्त पहचान बनकर उभरी हैं ऐसे में रायसेन जिले में प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं हैं बस उनको अपनी प्रतिभा को निखारने के लिए मंच की आवश्यकता हैं और इस प्रतिभा के रूप में निर्माता रामपाल सिंह पठरिया ने बता दिया कि रायसेन जिले की प्रतिभा को मौका मिलने पर वह किसी भी मंजिल को आसानी से पार पा सकता है।

## किन्नर समाज के दो पक्षों में विवाद गहराया



**नईदुनिया प्रतिनिधि, बरेली :** नगर में किन्नर समाज के दो पक्षों के बीच क्षेत्राधिकार को लेकर विवाद बढ़ता नजर आ रहा है। वार्ड क्रमांक 4 निवासी राधिका किन्नर ने थाना प्रभारी कपिल गुप्ता को लिखित आवेदन देकर इटारसी निवासी लैला किन्नर पर अवैध वसूली, गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी देने के गंभीर आरोप लगाए हैं।

राधिका किन्नर ने अपने आवेदन में बताया कि किन्नर समाज में परंपरा अनुसार सभी का अपना-अपना क्षेत्र निर्धारित होता है, जहां वे शादी-विवाह, बच्चों के जन्मोत्सव एवं अन्य मांगलिक कार्यक्रमों में बधाई गीत गाकर प्राप्त भेंट से जीवनयापन करते हैं। उन्होंने बताया कि वे अपने गुरु रूपा पांडे किन्नर की शिष्या हैं और कई वर्षों से वार्ड नंबर 4 बरेली में अपने 10-15 साथियों के साथ निवास कर रही हैं।

आवेदन के अनुसार 8 मार्च को लैला किन्नर अपने चार-पांच साथियों के साथ बरेली आई और उनके निर्धारित क्षेत्र में वसूली की। जब इस बात का विरोध किया गया तो आरोप है कि उन्होंने गाली-गलौज की तथा जान से मारने की धमकी दी।

राधिका किन्नर ने पुलिस प्रशासन से मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की मांग की है, ताकि भविष्य में किसी अप्रिय घटना से बचा जा सके।

थाना प्रभारी कपिल गुप्ता ने आवेदन प्राप्त होने की पुष्टि करते हुए मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

## दिनदहाड़े ज्वेलरी से भरा बैग चोरी

**देवासः** देवास में गुरुवार को दिनदहाड़े एक बड़ी चोरी की वारदात सामने आई। एबी रोड स्थित आनंद ज्वेलर्स के सामने खड़ी कार का शीशा तोड़कर अज्ञात बदमाश चांदी के आभूषणों से भरा बैग लेकर फरार हो गए। इंदौर निवासी व्यापारी नमित कश्यप किसी काम से देवास आए थे। उन्होंने अपनी कार आनंद ज्वेलर्स के सामने खड़ी की थी। इसी दौरान बदमाशों ने कार का शीशा तोड़कर अंदर रखा बैग और कुछ दस्तावेज चोरी कर लिए। सूत्रों के अनुसार, चोरी हुए बैग में लगभग पौने दो किलो चांदी के आभूषण थे। यह वारदात कुछ ही मिनटों में अंजाम दी गई। घटना की सूचना मिलते ही सिविल लाइन थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का मुआयना किया। पुलिस ने आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले और आरोपियों की पहचान के प्रयास शुरू कर दिए हैं।

## ग्राम नसीदपुर में विधिक साक्षरता शिविर संपन्न




**नईदुनिया प्रतिनिधि, गंजबासौदा :** म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार तहसील विधिक सेवाएं समिति के तत्वावधान में महिला सशक्तिकरण अभियान अंतर्गत ग्राम पंचायत नसीदपुर स्थित आंगनवाड़ी केंद्र में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन सुश्री सृष्टि कुशवाह चतुर्थ व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खण्ड एवं न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी के मुख्य आतिथ्य में किया गया।

शिविर में न्यायाधीश ने संबोधित करते हुए, महिला के अधिकार, घरेलू हिंसा से महिलाओं का स्थल पर लैंगिक (उत्पीड़न निवारण, प्रतिषेध और प्रतितोष) अधिनियम, दहेज़ प्रतिषेध अधिनियम, नि:शुल्क विधिक सेवा सहायता के संदर्भ में जानकारी देकर अवगत कराया। शिविर में अधिवक्ता सुश्रीभाग्यशाली शर्मा समाजसेवी सुनील बाबू पिंगले,अधिवक्ता राजेश सक्सेना, ,सरपंच श्रीमती दीपिका राजपूत, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता लक्ष्मी रघुवंशीऔर आमजन उपस्थित रहे।